C M Y K

जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर ■ अलवर से एक साथ प्रकाशित

# मॉर्निंग न्यूज़


दैनिक अपना अखबार

वर्ष 20 अंक : 340 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
सोमवार 21 अप्रैल, 2025

'हर पुरुष की सफलता के पीछे एक स्त्री का हाथ होता है, चाहे वह मां, बहन, पत्नी, दोस्त या फिर कोई ओर हो।'



पेज 8 | स्पोर्ट्स

आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा... | 3

## एक नजर

### आधी रात को जयपुर में फ्लाइट के गेट पर बैठे रहे जम्मू-कश्मीर के सीएम

**दिल्ली से डायवर्ट हुआ विमान, उमर अब्दुल्ला बोले-दिल्ली का एयरपोर्ट बकवास है**

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** ट्रैफिक की वजह से शनिवार रात इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट (6ई-5054) निर्धारित वक्त 10.30 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हो पाई। इसके बाद एयर ट्रैफिक



कंट्रोल यूनिट ने इस फ्लाइट को जयपुर एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया। रात 12.20 बजे फ्लाइट जयपुर एयरपोर्ट पहुंची। इसमें जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी अपने परिवार के साथ मौजूद थे। करीब ढाई घंटे तक दिल्ली के लिए उड़ान भरने का इंतजार करते रहे। इस दौरान उमर अब्दुल्ला ने नाराजगी जाहिर करते हुए एक्स पर लिखा-दिल्ली एयरपोर्ट बकवास है (मेरी फ्रेंच भाषा के लिए क्षमा करें, लेकिन मैं विनम्र होने के मूड में नहीं हूं)। जम्मू से हवा में तीन घंटे बिताने के बाद, हमें जयपुर डायवर्ट कर दिया गया। मैं यहां रात 1 बजे विमान की सीढ़ियों पर ताजी हवा ले रहा हूं। मुझे नहीं पता कि हम यहां से किस समय निकलेंगे।

### फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप पर जयपुर में एफआईआर दर्ज

ब्राह्मण समाज को लेकर सोशल मीडिया पर डाली थी आपत्तिजनक पोस्ट

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप के खिलाफ जयपुर के बजाज नगर थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। मामला सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट डालने से जुड़ा है,



जिसमें जाति-विशेष को लेकर अपशब्द लिखे गए थे। एएसआई इंद्राज ने बताया कि बरकत नगर में रहने वाले अनिल चतुर्वेदी ने शनिवार रात फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप के खिलाफ शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि फिल्म डायरेक्टर की ओर से जाति-विशेष को लेकर विवादित पोस्ट डाली गई। सोशल मीडिया पर अपशब्द बोलकर अपमानित किया गया है।

**फिल्म 'फुले' को लेकर विवाद खड़ा हुआ :** फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप की फिल्म 'फुले' को लेकर विवाद खड़ा हुआ है। 25 अप्रैल को फिल्म फुले रिलीज होने वाली है। फिल्म समाज सुधारक दंपती ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित है। फिल्म के रिलीज होने से पहले ही जातिवाद को बढ़ावा देने का आरोप लग रहा है।

### बीजेपी सांसद बोले-सुप्रीम कोर्ट सीमाएं लांघ रहा

वक्फ मामले के वकील की अटॉर्नी जनरल से मांग- निशिकांत दुबे पर अवमानना की कार्यवाही हो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति को विधेयकों पर फैसला लेने के लिए एक समय सीमा तय करने की बात कही थी। इस पर अब विवाद बढ़ता जा रहा है। पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा था कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उनके बाद 19 अप्रैल



को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि कोर्ट अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है, अगर हर किसी को सारे मामलों के लिए सर्वोच्च अदालत जाना पड़े तो संसद और विधानसभा बंद कर देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद इस देश का कानून बनाती है। क्या आप उस संसद को निर्देश देंगे। देश में गृह युद्ध के लिए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं।

# पीएचईडी के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर के जयपुर सहित 19 ठिकानों पर छापे

## छह जिलों में एसीबी की कार्रवाई : अवैध कमाई से बेटे-बेटी, पत्नी के नाम खरीदी करोड़ों की संपत्ति

*मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर*

राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर (एसई) अशोक जांगिड़ के जयपुर सहित 6 जिलों में स्थित ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। रविवार अल सुबह टीमें प्रदेश के अलग-अलग शहरों में पहुंचीं। आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई हुई है। अशोक जांगिड़ की फिलहाल बांसवाड़ा में तैनाती है। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार- अशोक जांगिड़ के जयपुर शहर, पावटा (कोटपूतली), मौजमाबाद (जयपुर), उदयपुर स्थित खान एवं भू-विज्ञान विभाग के जोन ऑफिस, झाड़ोल (उदयपुर) के कोच्छ्ला, जावद स्थित खनिज लीज, अजमेर, मालपुरा (टोंक) के विभिन्न ठिकानों के साथ-साथ पीएचईडी कार्यालय बांसवाडा, टोंक, अजमेर, जयपुर व उप पंजीयक कार्यालय पावटा, मौजमाबाद में टीमें सर्च में लगी हैं। इस कार्रवाई में 250 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी सर्च अभियान में जुटे हैं। उदयपुर स्थित खान एवं भू-विज्ञान विभाग के जोन ऑफिस में टीम जांगिड़ के परिवार के सदस्यों के नाम पर मिले माइंस के दस्तावेजों को खंगाल रही है।



### इनकम से 161 प्रतिशत अधिक मिली संपत्ति

एसीबी को गोपनीय सूचना मिली थी कि एसई ने राजकीय सेवा में आने के बाद 11.50 करोड़ रुपए की आय अर्जित की। यह उनकी मूल आय से 161 प्रतिशत अधिक है। एसई अशोक जांगिड़ के घर से सर्च के दौरान कई जमीनों के दस्तावेज मिले हैं। इसमें खुद के नाम 19, पत्नी सुनीता शर्मा के नाम 3, बेटे निखिल जांगिड़ के नाम 32 प्रॉपर्टी शामिल हैं। ये प्रॉपर्टी जयपुर शहर, पावटा (कोटपूतली), श्रीमाधोपुर (सीकर), मौजमाबाद (जयपुर), उदयपुर, अजमेर, मालपुरा (टोंक), श्रीमोहनगढ़ (जैसलमेर) में हैं। एसीबी को कुल 19 स्थानों पर 54 अचल सम्पत्तियां खरीदने व निर्माण में करोड़ों रुपए लगाने के सबूत मिले हैं।

### रेड में कहां क्या-क्या मिला?

अशोक जांगिड़ ने स्वयं के नाम जयपुर व पावटा में मकान, कैमरिया (पावटा) में फार्म हाउस, पत्नी के नाम जयपुर में बनीपार्क, बिन्दायका में दुकान, बेटे के नाम उदयपुर, मालपुरा (टोंक), अजमेर व बुचारा (पावटा) में 5 खनिज लीज व श्रीमाधोपुर में कॉमर्शियल जमीन, खनिज व ग्राइन्डिंग उद्योग के लिए जमीन खरीदने और निवेश करने में करोड़ों रुपए लगाए हैं।

अशोक जांगिड़ के बेटे के नाम उदयपुर, मालपुरा (टोंक), अजमेर व बुचारा पावटा में स्थित खनिज लीजों में क्रेशर, पोकलेन मशीन, एलएण्डटी मशीन, आईआर ब्लास्टिंग मशीन, डम्पर खरीदने और खनन कार्य संचालन में करोड़ों रुपए खर्च करने के सबूत मिले हैं। आरोपी और उनके परिवार के नाम से 22 बैंक खाते हैं। इनमें 21 लाख रुपए मिले हैं। बेटे और बेटी की स्कूली शिक्षा, कोचिंग एवं उच्च शिक्षा में करीब 30 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।

# मुख्यमंत्री शर्मा ने झुंझुनूं में जनसुनवाई कर समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

**शेखावाटी क्षेत्र का दौरा : आमजन की समस्याओं का कम से कम समय में निस्तारण करना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता**



*मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर*

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को शेखावाटी क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन झुंझुनूं के सर्किट हाऊस में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को इन समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शर्मा ने जनसुनवाई में कहा कि आमजन की समस्याओं का कम से कम समय में निस्तारण राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है, समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए प्रभावी मैकेनिज्म तैयार किया गया है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विद्युत, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण, राजस्व विभाग एवं कृषि सहित अन्य विभागों से संबंधित परिवेदनाओं के शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।*

*इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, विधायक राजेन्द्र भांबू, विक्रम सिंह जाखल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं आमजन मौजूद रहे।*

# जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से तबाही

## रामबन में बाढ़ और भूस्खलन से 3 की मौत, 100 लोगों का रेस्क्यू किया



**श्रीनगर (एजेंसी)**

जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। रामबन जिले के सेरी बागना इलाके में रविवार सुबह बारिश के बाद बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने करीब 100 लोगों को रेस्क्यू किया। सूत्रों ने बताया कि बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। पहाड़ का मलबा गांव की तरफ आ गया, जिसके चपेट में कई लोग और घर आ गए। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

उधर, रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड हुई हैं। इसकी वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया है। सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद है। यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की है। लैंडस्लाइड के कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसमें पहाड़ से मलबा गिरते देखा जा सकता है। कुछ इलाकों में पहाड़ का मलबा सड़कों और रिहायशी इलाकों तक पहुंच गया है। एक वीडियो में तीन-चार टैंकर और कुछ अन्य गाड़ियां मलबे में पूरी तरह दबी हुई दिख रही हैं। इसके अलावा होटल और » शेष पृष्ठ 6 पर

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड आज से जयपुर की चार दिवसीय यात्रा पर

## पत्नी व बच्चों के साथ हवा महल, सिटी पैलेस, आमेर महल सहित अन्य स्थानों का करेंगे अवलोकन, सुरक्षा में 7 आईपीएस समेत 2400 जवान रहेंगे, जयपुर के 3 हॉस्पिटल में हर ब्लड ग्रुप की 5 यूनिट रिजर्व

*मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर*

*अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड (जेडी) वेंस के चार दिवसीय जयपुर दौरे को लेकर पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। वेंस की सुरक्षा में 7 आईपीएस अधिकारी, 20 एडिशनल डीसीपी, 40 एसीपी, 300 एएसआई, एसआई और सीआई लगाए जाएंगे। 2100 कॉन्स्टेबल को फील्ड में तैनात किया जाएगा। जयपुर के तीन हॉस्पिटल (सरकारी-प्राइवेट) को हर ब्लड ग्रुप की 5 यूनिट रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति के दौरे से पहले रविवार को जयपुर में उनकी यात्रा के रूट पर रिहर्सल किया।*



*उपराष्ट्रपति से मिलने वाले या आसपास रहने वाले हर शख्स का कोरोना टेस्ट कराया जाएगा। इससे पहले विदेशी सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी हवा महल, सिटी पैलेस सहित आमेर किला का दौरा कर चुके हैं। वेंस जयपुर में 21 से 24 अप्रैल तक रहेंगे। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से चिह्नित हॉस्पिटल में हर प्रकार की बीमारी के स्पेशलिस्ट (कार्डियक, ऑर्थो, एलर्जी, इनफेक्शन, चर्म रोग) डॉक्टर तैनात रहेंगे। इस दौरे के दौरान अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीम साथ रहेगी। वेंस की टीम जहां भी रुकेगी, वहां फूड टेस्टिंग टीम रहेगी खाने-पीने वाली हर चीज की पहले जांच होगी, फिर सर्व किया जाएगा। वीवीआईपी दौरे को देखते हुए संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया गया है।*

### काफिले के साथ डॉक्टर्स की टीम मौजूद रहेगी

**वेंस के दौरे के दौरान काफिले में एक एम्बुलेंस 24 घंटे मौजूद रहेगी। इसमें सीनियर डॉक्टर्स की टीम मौजूद रहेगी। टीम के पास इमरजेंसी पर दी जाने वाली सभी दवाएं और अन्य उपकरण होंगे। पुलिस को भी अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए उनके प्राइवेट वाहनों के अलावा 20 गाड़ी राजस्थान सरकार की उनके काफिले में होंगी।**

### कई बड़ी हस्तियों से मिलेंगे, मिलने वालों का कोरोना टेस्ट जरूरी

**अमेरिकी उपराष्ट्रपति डेविड वेंस जयपुर दौरे के दौरान कई बड़ी हस्तियों से मिलेंगे। सुरक्षा एजेंसी ने सभी मिलने वालों का आरटीपीसीआर (कोरोना जांच) करवाना अनिवार्य किया है। सुरक्षा एजेंसियों ने आरएटी (रैपिड एंटीजन टेस्ट) को स्टैंडबाय में रखा है। मिलने वालों को बहुत कम समय के लिए उनके पास रोका जाएगा।**

**चप्पे-चप्पे पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा होगी : एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर डॉ.रामेश्वर सिंह ने बताया कि सुरक्षा की पूरी तैयारी हो गई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति की सुरक्षा में हर पॉइंट पर पुलिस टीम रहेगी। उनके एयरपोर्ट पर लैंड करने से लेकर यहां रुकने तक कड़ी सुरक्षा रखी जाएगी।**

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पलटवार** | **नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया, राहुल और वाड्रा जेल जाएंगे**



# डोटासरा अपना घर संभाले, ताक-झांक करना अच्छी आदत नहीं : मदन राठौड़

**मॉर्निंग न्यूज @ पाली**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा- डोटासरा पहले अपनी पार्टी तो संभाल लें। मेरी पार्टी का मैं सत्यानाश कर रहा हूं, या कुछ और कर रहा हूं, यह मेरी चिंता है। वे इसकी चिंता क्यों कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि डोटासरा अपना घर संभाले, दूसरे के घर में ताक-झांक करना अच्छी आदत नहीं है, यह उन्हें समझा दें। रही बात नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की, तो वे भी अपनी पार्टी और नेताओं की सोचें। भाजपा के बारे में सोचने के लिए हम बैठे हैं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने रविवार को पाली में अपने आवास पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में कांग्रेस पर भी गंभीर आरोप लगाए। बता दें कि बीते दिनों डोटासरा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को लेकर तंज कसा था। उन्होंने कहा था कि वे (मदन राठौड़) किसी को छूटा सांड कहते हैं तो कभी महिला को एक्सपोर्ट क्वालिटी कहते हैं। बाद में माफी मांगने की बजाय सफाई देते है। जबकि उन्हें तुरंत देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। ऐसा ही चलता रहा तो वे भाजपा का राजस्थान में सत्यानाश कर देंगे।

राठौड़ ने कहा- वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन मुसलमानों के हित में है। इससे गरीब तबके के मुसलमानों को फायदा होगा। » शेष पृष्ठ 6 पर

### 50 लाख में करीब 500 करोड़ की संपत्ति हड़पने का आरोप

राठौड़ ने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी और राबर्ट वाड्रा जेल जाएंगे। उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग की। कांग्रेस शासन के समय सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज हुआ था। वे फिलहाल जमानत पर है और जेल जाएंगे। क्योंकि अखबार के नाम पर करोड़ों की जमीन लाखों में ली और अब उसका दूसरा उपयोग किया जा रहा है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा » शेष पृष्ठ 6 पर

# अमेरिका में हजारों लोगों ने राष्ट्रपति ट्रम्प का आवास घेरा

**सभी 50 राज्यों में प्रदर्शन, पोस्टर में लिखा-ट्रम्प को अल सल्वाडोर जेल भेजें**

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ शनिवार को हजारों प्रदर्शनकारी एक बार फिर सड़कों पर उतर आए। ये प्रदर्शन सभी 50 राज्यों में हुए। प्रदर्शनकारी ट्रम्प की टैरिफ वॉर की नीतियों, सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे हैं।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस का घेराव किया। लोगों ने ट्रम्प पर नागरिक और कानून के शासन को कुचलने का आरोप लगाया। इस आंदोलन को 50501 नाम दिया गया है, जिसका मतलब 50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन है। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस के अलावा टेस्ला के शोरूम का भी घेराव किया। ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शनों का यह दूसरा दौर है। इससे पहले 5 अप्रैल को ट्रम्प के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे। » शेष पृष्ठ 6 पर

अजमेर ■ अलवर ■ टोंक ■ दौसा ■ झुंझुनूं ■ सवाईमाधोपुर ■ कोटा ■ भीलवाड़ा ■ चित्तौड़गढ़ ■ सिरोही ■ जोधपुर ■ नागौर ■ बीकानेर ■ चूरू ■ धौलपुर ■ भरतपुर में एक साथ प्रसारित।